# 274 लोगों का रेस्क्यू, उत्तरकाशी पहुंचाया

**उत्तराखंड में आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास सचिव विनोद सुमन ने दी जानकारी**

**देहरादून, 7 अगस्त. उत्तराखंड में आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास सचिव विनोद सुमन ने गुरुवार को बताया कि करीब छह बजे तक 274 लोगों को गंगोत्री एवं अन्य क्षेत्रों से हर्षिल लाया गया है, सभी सुरक्षित हैं.**

सुमन ने बताया कि सुरक्षित लाये गये 274 लोगों में से गुजरात के 131, महाराष्ट्र के 123, मध्य प्रदेश के 21, उत्तर प्रदेश के 12, राजस्थान के छह, दिल्ली के सात, असम और कर्नाटक के पांच-पांच, तेलंगाना के तीन तथा पंजाब के एक व्यक्ति है. उन्होंने बताया कि ये सभी लोग पूरी तरह से सुरक्षित हैं. इनको उत्तरकाशी और देहरादून लाया जा रहा है. इसके अतिरिक्त, वर्तमान तक 135 लोगों को सुरक्षित हर्षिल से बाहर निकाला गया, जिसमें से 100 लोगों को उत्तरकाशी पहुंचाया गया है. 35 लोगों को देहरादून सुरक्षित भेजा गया है. उन्होंने बताया कि इस प्रकार कुल 135 लोगों को सफलतापूर्वक रेस्क्यू कर सुरक्षित गंतव्य तक पहुंचाया जा चुका है और 274 लोगों को हर्षिल में सुरक्षित रखते हुए आगे की यात्रा के लिए तैयार किया जा रहा है.

बता दें उत्तरकाशी जिले में बादल फटने से धराली गांव में भारी तबाही हुई थी. बचाव दलों ने दो शव बरामद किए और कई को सुरक्षित बाहर निकाला.



**प्रस्तावित कार्यों में आधे से अधिक पूर्ण : गडकरी**

उत्तराखंड में रूद्रप्रयाग केदारनाथ मार्ग पर भूस्खलन और भू-धंसाव ट्रीटमेंट के प्रस्तावित 357 करोड़ के कार्यों में आधे से अधिक पूर्ण हो गए हैं. उत्तराखंड के राज्यसभा सांसद और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट की ओर से सदन में पूछे सवाल के जवाब में केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्रालय ने यह जानकारी दी. मंत्री नितिन गडकरी ने बताया कि उत्तराखंड राज्य में रुद्रप्रयाग से केदारनाथ के निकट गौरीकुंड तक राष्ट्रीय राजमार्ग-107 पर 17 स्थानों के लिए 357 करोड़ रुपये की लागत से भूस्खलन और भू-धंसाव प्रबंध (ट्रीटमेंट) कार्यों को मंजूरी दे दी है.

उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले में बादल फटने से धराली गांव में भारी तबाही हुई है. बुधवार को बचाव दलों ने दो शव बरामद किए और 190 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला. इस घटना के बाद, मलबे में फंसे लोगों को लेकर चिंता बढ़ गई है. सेना, आईटीबीपी, एनडीआरएफ और बाकी टीमें बिना रुके, बिना थके जी-जान से रेस्क्यू में लगी है, ताकि वहां फंसे लोगों को जल्द से जल्द बाहर निकाला जा सकें,वहीं, बाकी टीमें भी मदद के लिए पहुंच रही है वो भूस्खलन की वजह से रास्ते में फंसी है.

# चीन को रियायत, भारत को सजा : थरूर

**अमेरिकी टैरिफ पर विपक्ष का सवाल**

**भारत को दूसरे बाजारों में तलाशनी होगी राह**



**नई दिल्ली 7 अगस्त. अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत पर लगाए गए अतिरिक्त टैरिफ को लेकर कांग्रेस नेता शशि थरूर ने सख्त प्रतिक्रिया दी है. उन्होंने इसे अमेरिका की दोहरी नीति करार देते हुए भारत सरकार को अन्य व्यापारिक साझेदारों पर ध्यान केंद्रित करने की सलाह दी है.**

भारत और अमेरिका के बीच व्यापारिक रिश्ते एक बार फिर तनाव की राह पर हैं. हाल ही में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत पर 50 फीसदी तक का अतिरिक्त टैरिफ लगाने के फैसले ने राजनीतिक हलकों में हलचल मचा दी है. कांग्रेस नेता और पूर्व विदेश राज्य मंत्री शशि थरूर ने इस फैसले की तीखी आलोचना करते हुए कहा है कि अमेरिका की यह नीति दोहरे मापदंड को दर्शाती है. थरूर ने साफ शब्दों में कहा कि चीन भारत से कहीं अधिक मात्रा में रूस से तेल और अन्य संसाधन आयात कर रहा है, फिर भी उसे 90 दिनों की टैरिफ छूट दी गई है. जबकि भारत को सीधे तौर पर निशाना बनाया जा रहा है. उन्होंने इसे अमेरिका का दोहरा चेहरा करार दिया और सवाल उठाया कि क्या यही ट्रंप की दोस्ती है, जिसका दावा पहले किया गया था.

कांग्रेस नेता ने सरकार से आग्रह किया कि वह अमेरिकी दबाव में आने के बजाय, अब अन्य देशों के साथ व्यापारिक संबंधों को मजबूत करे. उन्होंने ब्रिटेन के साथ भारत के मुक्त व्यापार समझौते और यूरोपीय संघ के साथ चल रही बातचीत का हवाला देते हुए कहा कि अब भारत को अपने व्यापार को विविध बनाना होगा.थरूर ने यह भी कहा कि भारत को अमेरिका से आने वाले उत्पादों पर जवाबी टैरिफ लगाने पर विचार करना चाहिए ताकि संतुलन बना रहे.


# केजरीवाल को पासपोर्ट नवीनीकरण की अनुमति

**सुलतानपुर के एमपी-एमएलए कोर्ट से मिली राहत**

**सुलतानपुर, 7 अगस्त. आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को सुलतानपुर के एमपी-एमएलए कोर्ट से राहत मिली है. कोर्ट ने उन्हें सशर्त अपने पासपोर्ट का नवीनीकरण करने की अनुमति दी है.**

**केजरीवाल व मनीष सिसोदिया को समन की तैयारी**

दिल्ली विधानसभा परिसर में स्थित कथित फांसी घर को लेकर एक नया राजनीतिक तूफान खड़ा हो गया है। भारतीय जनता पार्टी और आम आदमी पार्टी के बीच तीखी जुबानी जंग के साथ अब यह मामला विधानसभा की विशेषाधिकार समिति तक पहुंच चुका है। विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता के ताजा बयानों ने इस विवाद को और भी पेचीदा बना दिया है। दिल्ली विधानसभा में एक बार फिर राजनीति गर्मा गई है, इस बार मुद्दा है विधानसभा परिसर में स्थित एक पुराने कमरे को लेकर जिसे केजरीवाल सरकार ने 2022 में फांसी घर बताकर जनता के सामने प्रस्तुत किया व उसका उद्घाटन किया.



आधिकारिक सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि सुलतानपुर न्यायालय के न्यायाधीश शुभम वर्मा ने गुरुवार को देर शाम यह भी निर्देश दिया है कि केजरीवाल बिना किसी सूचना के देश छोड़कर बाहर नहीं जा सकेंगे. यह मामला 2014 के लोकसभा चुनाव से जुड़ा है. उस समय केजरीवाल अमेठी में आप प्रत्याशी कुमार विश्वास का चुनाव प्रचार करने आए थे. इसी दौरान अमेठी जिले के गौरीगंज और मुसाफिरखाना थाने में उनके खिलाफ दो मुकदमे दर्ज किए गए थे. इन मामलों की सुनवाई सुल्तानपुर के जिला न्यायालय के एमपी-एमएलए कोर्ट में चल रही है. केजरीवाल के अधिवक्ता रूद्र प्रताप सिंह मदन ने बताया केजरीवाल इन मामलों में जमानत पर हैं. उच्चतम न्यायालय के निर्देश पर वर्तमान में कार्यवाही स्थगित है. केजरीवाल का पासपोर्ट अवधि समाप्त हो चुकी है. विदेश यात्रा के लिए उन्होंने कोर्ट से पासपोर्ट नवीनीकरण की अनुमति मांगी थी.

## चीन : मानवयुक्त चंद्र लैंडर के लैंडिंग-टेक-ऑफ का सफल परीक्षण

**बीजिंग, 7 अगस्त.** चीन ने अंतरिक्ष परीक्षण के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि हासिल की है. चीन के अधिकारियों ने गुरुवार को यह घोषणा की कि उसने अपने मानवयुक्त चंद्र लैंडर के लैंडिंग और टेक-ऑफ के लिए एक व्यापक परीक्षण सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है. यह परीक्षण हेबेई प्रांत के हुआइलाई काउंटी स्थित परीक्षण स्थल पर किया. यह परीक्षण चीन के मानवयुक्त चंद्र अन्वेषण कार्यक्रम के विकास में एक महत्वपूर्ण कदम है.चीन मानवयुक्त अंतरिक्ष एजेंसी ने कहा कि यह पहली बार है जब चीन ने किसी मानवयुक्त अंतरिक्ष यान के अंतरिक्ष में लैंडिंग और टेक-ऑफ के लिए परीक्षण किया है.

# विकास बाधित करने वालों को कीमत चुकानी होगी

## सीएम योगी ने किया संभल जिले के बहजोई में 659 करोड़ की 222 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण

**संभल, 7 अगस्त. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को कहा कि सनातन धर्म के पवित्र स्थलों को अपवित्र करने वालों को कीमत चुकानी पड़ेगी. यह बात सीएम योगी ने कही. उन्होंने संभल जिले के बहजोई में 659 करोड़ रुपये की 222 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया.**



जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि संभल की सच्चाई को छिपाने वाले गलत मंसूबों को ध्वस्त किया जाएगा. संभल के साथ पाप करने वालों को उनके पापों की सजा मिलेगी. संभल के विकास को बाधित करने वालों को कीमत चुकानी पड़ेगी. सनातन धर्म के पवित्र स्थलों को अपवित्र करने वालों को कीमत चुकानी पड़ेगी. उन्होंने कहा कि संभल में कभी 68 तीर्थ, 19 पावन कूप और परिक्रमा मार्ग थे, लेकिन विदेशी बर्बर आक्रांताओं ने हमारे तीर्थों को अपवित्र और नष्ट करने का कार्य किया. सभी कूपों और तीर्थों पर कब्जे हो गए. 24 और 84 कोस परिक्रमा मार्ग को बाधित किया गया. एक सत्य को छिपाने का कुत्सित प्रयास किया गया.

मुख्यमंत्री ने इस अन्याय को कुत्सित चेष्टा बताते हुए जोर देकर कहा कि उनकी सरकार अब इन 68 तीर्थों और 19 कूपों के पुनरोद्धार की जिम्मेदारी उठाएगी. उन्होंने लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर का उदाहरण देते हुए कहा कि जैसे उन्होंने काशी विश्वनाथ और सोमनाथ मंदिरों का पुनरोद्धार किया, वैसे ही संभल के तीर्थों को भी नया जीवन दिया जाएगा. योगी ने संभल को हिंदू आस्था का प्रतीक बताते हुए विदेशी आक्रांताओं, कांग्रेस और सपा को निशाने पर लिया और चेतावनी दी कि 'संभल के साथ पाप करने वालों को उनके पापों की कड़ी सजा मिलेगी.

काशी और अयोध्या का जिक्र करते हुए योगी ने अपनी सरकार की उपलब्धियों को गिनाया और पूछा कि अगर काशी-अयोध्या का पुनरोद्धार हो सकता है तो संभल का क्यों नहीं. उन्होंने भगवान कल्कि और हरिहर धाम के पुनरोद्धार के लिए सरकार की संकल्प बद्धता जताई. उन्होंने कांग्रेस और सपा निशाना साधते हुए कहा, 'याद करना संभल के साथ सपा और कांग्रेस ने कौन-कौन से पाप यहां किए हैं. कांग्रेस ने यहां सामूहिक हत्याएं कराईं व उसके चेले के रूप में सपा ने हत्यारों को बचाने का कार्य किया.

## एक नजर में



### चीन-स्वीडन के साथ रक्षा सौदों की मंजूरी

**बैंकॉक, 7 अगस्त.** थाईलैंड सरकार ने चीन और स्वीडन के साथ रक्षा सौदों को मंजूरी दी है जिसमें स्वीडिश ग्रिपेन लड़ाकू विमानों, दो विदेशी निर्मित युद्धपोत और चीन के साथ एक पनडुब्बी सौदे को अंतिम रूप देना शामिल है. द नेशन ने अपनी एक रिपोर्ट में जानकारी दी है. बुधवार को जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि स्वीडिश लड़ाकू विमान अमेरिकी एफ-16 विमानों की जगह लेंगे जो 37 वर्षों से थाई वायु सेना में सेवारत हैं. रिपोर्ट में कहा गया है कि इस खरीद में तीन सिंगल-सीट एसएएबी जेएएस-39 ग्रिपेन ई विमान और एक दो-सीट ग्रिपेन एफ विमान, साथ ही सहायक प्रणालियाँ और इलेक्ट्रॉनिक युद्ध उपकरण शामिल हैं. विमान आधुनिक मेटियोर एयर-टू-एयर मिसाइलों और अन्य हथियारों से लैस होंगे. रिपोर्ट में कहा गया है कि इन 12 विमानों की कुल लागत 60 अरब थाई बाहत (1.85 अरब डॉलर) होने का अनुमान है.

### ट्रम्प प्रशासन नासा के दो मिशन को बंद करेगा

**वाशिंगटन, 7 अगस्त.** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का कार्यालय ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन की निगरानी करने वाले नासा के दो मिशन बंद करेगा. न्यूज़मैक्स प्रसारक ने एजेंसी के हवाले से बुधवार को कहा ईमेल द्वारा भेजे गए एक बयान में नासा ने कहा कि ये मिशन अपने मुख्य उद्देश्य से परे हैं और राष्ट्रपति के एजेंडे और बजट प्राथमिकताओं के अनुरूप इन्हें समाप्त किया जा रहा है. रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि ट्रम्प के वित्तीय वर्ष 2026 के बजट अनुरोध में उन कार्बन वेधशालाओं के लिए फंडिंग शामिल नहीं है जो कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन और अवशोषण के साथ-साथ कृषि फसलों की स्थिति पर सटीक नज़र रख सकें.

### ट्रक के खड्ढे में गिरने से 8 लोगों की मौत

**मनीला, 7 अगस्त.** दक्षिणी फिलीपींस के सुल्तान कुदरत प्रांत में एक मिनी डंप ट्रक के खड्ढे में गिरने से आठ लोगों की मौत हो गई और 15 अन्य घायल हो गए. यह जानकारी पुलिस ने गुरुवार को दी. पुलिस ने कहा कि यह दुर्घटना मंगलवार को स्थानीय समयानुसार शाम लगभग 5-20 बजे हुई जब ट्रक लेबाक कस्बे में राजमार्ग पर ढलान वाले मोड़ पर जा रहा था. पुलिस के अनुसार ट्रक का ब्रेक फेल हो गया जिसके कारण वह एक निर्माणाधीन सड़क के कंक्रीट मलबे से टकरा गया और फिर खड्ढे में गिर गया. आपातकालीन कर्मचारी घायलों को स्थानीय अस्पताल ले गए जहां आठ लोगों को मृत घोषित कर दिया गया.

# तटीय पोत परिवहन विधेयक पर मुहर

**नौवहन सेवाओं के विस्तार के लिए समग्र कानूनी व्यवस्था का प्रावधान**

**नईदिल्ली, 7 अगस्त. राज्य सभा ने गुरुवार को विपक्ष के हंगामे के बीच तटीय पोत परिवहन विधेयक को पारित कर दिया जिसमें तटीय क्षेत्र में नौवहन सेवाओं के विस्तार के लिए एक समग्र कानूनी व्यवस्था का प्रावधान है. इसके साथ ही इस पर संसद की मुहर लग गई.**

लोकसभा इसे पहले ही पारित कर चुकी है. पीठासीन उप सभापति घनश्याम तिवाड़ी ने विधेयक के पारित होने पर विपक्षी सदस्यों के हंगामे को देखते हुए सदन की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित कर दी. इससे पहले विपक्ष के हंगामे के कारण पूर्वाह्न शून्य काल में भी सदन की कार्यवाही दो बजे तक के लिए स्थगित कर दी गयी थी. इससे पहले पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री सर्वानन्द सोनोवाल ने विधेयक पर हंगामे के बीच हुई संक्षिप्त चर्चा का जवाब देते हुए इसे एक महत्वपूर्ण सुधारवादी कदम बताया. विपक्षी सदस्यों के हंगामे के बीच उन्होंने कहा कि इस विधेयक में तटीय पोत परिवहन के लिए डाटोबस बनाने का प्रस्ताव है.



पोत परिवहन मंत्री ने कहा कि इस विधेयक के लागू होने से तटीय क्षेत्र में निवेश और रोजगार बढ़ेगा. उन्होंने कहा कि विधेयक में भारतीय तटीय जलक्षेत्र में व्यापार में लगे जहाजों को विनियमित करने की नई व्यवस्थाओं का प्रावधान है. इस विधेयक के अनुसार तटीय जलक्षेत्र का तात्पर्य भारत के प्रादेशिक जलक्षेत्र और उसके आसपास के समुद्री क्षेत्रों से है. प्रादेशिक जलक्षेत्र तट से 12 समुद्री मील (लगभग 22 किमी) तक फैला हुआ माना जाएगा जबकि निकटवर्ती समुद्री क्षेत्र 200 समुद्री मील तक होगा.

## आज का इतिहास

1509 – विजय नगर सम्राज्य के सम्राट के रूप में महाराज कृष्णदेव राय की ताजपोशी।

1549 – फ्रांस ने इंग्लैंड के खिलाफ युद्ध की घोषणा

1609 – वेनिस की सीनेट ने गैलिलियो द्वारा तैयार दूरबीन का निरीक्षण

1763 – वर्षों के संघर्ष के बाद अंततः कनाडा फ्रांस के अधिकार से स्वतंत्र हुआ।

1864 – जिनेवा में रेड क्रॉस की स्थापना।

1876 – थॉमस अल्वा एडिसन ने मिमियोग्राफ का पेटेंट कराया।

# 'कवि हर दिन साथ रहते हैं और हमारे जीवन को घेरे रहते हैं'

**मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रवींद्रनाथ टैगोर को किया याद**

**कोलकाता, 7 अगस्त. पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गुरुवार को नोबेल पुरस्कार विजेता रवींद्रनाथ टैगोर को उनकी 84वीं पुण्यतिथि पर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की. बनर्जी ने कहा, कवि साल के हर दिन हमारे साथ रहते हैं और हमारे जीवन को घेरे रहते हैं. वह अब हमारे लिए लड़ाई जारी रखने की प्रेरणा हैं.**



सीएम ममता ने आगे कहा कि वह कवि के योगदान को याद करती हैं, खासकर जब बंगाली लोगों पर बंगाली भाषा बोलने के कारण हमला किया गया और उन्हें निशाना बनाया गया. राष्ट्रगान के रचयिता, नोबेल पुरस्कार से सम्मानित विख्यात साहित्यकार गुरुदेव रबीन्द्रनाथ टैगोर की पुण्यतिथि पर उन्हें याद किया.

**टैगोर महान कवि और अद्वितीय कथाकार : चौहान**





शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि महान कवि, अद्वितीय कथाकार, राष्ट्रगान के रचयिता, नोबेल पुरस्कार से अलंकृत गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर की पुण्यतिथि पर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ! आपकी अमर कृतियां, आदर्श जीवन और पुण्य विचार सदैव हमें राष्ट्र की उन्नति एवं समाज के उत्थान के लिए प्रेरित करते रहेंगे. वहीं अशोक गहलोत बोले कि राष्ट्र गान के रचयिता, नोबेल पुरस्कार से सम्मानित विश्वविख्यात साहित्यकार गुरुदेव रबीन्द्रनाथ टैगोर की पुण्यतिथि पर उन्हें नमन.

# अब नहीं होगी ट्रांसफर में मनमानी : नीतीश

**बिहार चुनाव से पहले शिक्षकों को तोहफा**

**शिक्षकों को मिली राहत, अब ट्रांसफर होगा विकल्प**

**पटना, 7 अगस्त. बिहार चुनाव से पहले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शिक्षकों के लिए बड़ी राहत की घोषणा की है. ट्रांसफर को लेकर मिल रही शिकायतों के बाद अब शिक्षकों से तीन जिलों का विकल्प लेकर वहीं पर पोस्टिंग दी जाएगी.**



यह कदम शिक्षकों में चुनावी नाराजगी को दूर करने और शिक्षा व्यवस्था में स्थिरता लाने के लिए उठाया गया है. बिहार में आगामी विधानसभा चुनाव से पहले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शिक्षकों को बड़ी राहत दी है. अंतर जिला स्थानांतरण को लेकर आ रही शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए उन्होंने शिक्षा विभाग को नई निर्देशावली जारी की है. अब जिन शिक्षकों का अंतर जिला ट्रांसफर किया जाएगा, उनसे तीन जिलों का विकल्प मांगा जाएगा और उन्हीं में से किसी एक में उनकी पोस्टिंग सुनिश्चित की जाएगी.

नीतीश कुमार ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर यह जानकारी साझा की. उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि शिक्षकों की सुविधा और पारदर्शिता को ध्यान में रखते हुए ट्रांसफर प्रक्रिया को संचालित किया जाए. जिलों के अंदर पोस्टिंग का काम जिला पदाधिकारी की समिति द्वारा किया जाएगा, जिससे शिक्षकों को इच्छित प्रखंड या उसके आसपास पोस्टिंग मिल सके. मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि शिक्षक समाज के आधार स्तंभ हैं और बच्चों के भविष्य के निर्माण में उनकी अहम भूमिका होती है.

इस घोषणा को चुनावी नजरिए से भी अहम माना जा रहा है. शिक्षक संघ लंबे समय से ट्रांसफर में मनमानी और पारदर्शिता की कमी को लेकर नाराज थे. अब यह निर्णय ना सिर्फ उस असंतोष को शांत करेगा बल्कि सरकार और शिक्षकों के बीच विश्वास को भी मजबूत करेगा. मुख्यमंत्री ने पटना में 14.98 करोड़ की लागत से बनने वाले 'देशरत्न डॉ. राजेन्द्र प्रसाद बिहार गौरव उद्यान' का शिलान्यास भी किया. इस मौके पर उन्होंने देशरत्न डॉ. राजेन्द्र प्रसाद की समाधि स्थल पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी.

# गढ़चिरौली हादसे में 4 मासूमों की मौत

**नागपुर, 7 अगस्त.** महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले में गुरुवार को एक दिल दहला देने वाला हादसा हुआ, जब सड़क पार कर रहे छह मासूमों को एक तेज रफ्तार ट्रक ने कुचल दिया. इस दर्दनाक दुर्घटना में चार बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो गंभीर रूप से घायल हैं. इस हादसे ने पूरे इलाके को गहरे सदमे में डाल दिया है. गढ़चिरौली जिले में एक दिल को झकझोर देने वाला सड़क हादसा हुआ, जिसमें चार नाबालिग बच्चों की जान चली गई और दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए.

**दोस्ती की झलक** ▶ **ट्रंप का टैरिफ प्रहार और आसिम मुनीर की वॉशिंगटन एंट्री**

# भारत पर टैरिफ वॉर, पाक सेना प्रमुख को बुलावा

**नईदिल्ली, 7 अगस्त. डोनाल्ड ट्रंप के भारत पर टैरिफ बढ़ाने की घोषणा और पाक आर्मी चीफ आसिम मुनीर की दो महीने में दूसरी अमेरिका यात्रा वैश्विक राजनीति में हलचल पैदा कर रही है.**



यह घटनाक्रम दर्शाता है कि अमेरिका और पाकिस्तान के बीच सैन्य संबंधों में नई गर्मजोशी आई है, वहीं भारत को व्यापार मोर्चे पर दबाव का सामना करना पड़ सकता है. अमेरिका और पाकिस्तान के रिश्तों में आई नई गर्माहट की झलक एक बार फिर दिखी जब पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल आसिम मुनीर को दो महीने के भीतर दूसरी बार अमेरिका आमंत्रित किया गया. इस बार मुनीर, अमेरिकी सेंट्रल कमांड के कमांडर जनरल माइकल कुरिला के फेयरवेल कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे हैं. कुरिला ने अपने कार्यकाल में पाकिस्तान को आतंकवाद के खिलाफ बेहतरीन साझेदार बताया था. इस दौरे की टाइमिंग बेहद अहम है क्योंकि डोनाल्ड ट्रंप ने इसी दौरान भारत पर टैरिफ बढ़ाने की धमकी दी है.

ट्रंप ने कहा कि भारत दुनिया का सबसे अधिक टैरिफ लगाने वाला देश है और अमेरिका को उसके साथ कारोबार करने में भारी दिक्कतें आती हैं. उन्होंने भारत पर 25 फीसदी टैरिफ लगाने की पुष्टि की और आगे टैरिफ और बढ़ाने की बात भी कही. पिछले दौरे में भी ट्रंप व मुनीर के बीच मुलाकात हुई थी. उस मीटिंग की खास बात यह रही कि मुनीर ने ट्रंप को भारत-पाक सीजफायर में भूमिका के लिए नोबेल शांति पुरस्कार देने का समर्थन किया था.

## भाड़े के सैनिक यूक्रेन में रूसी सैनिकों के साथ लड़ रहे

**कीव, 7 अगस्त.** यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लादिमीर ज़ेलेंस्की ने कहा है कि पाकिस्तान और चीन के भाड़े के सैनिक उत्तर-पूर्वी यूक्रेन के वोवचांस्क क्षेत्र में रूसी सैनिकों के साथ लड़ रहे हैं. यूक्रेनी राष्ट्रपति ने एक्स पर कहा मैं वोवचांस्क में हमारे देश की रक्षा करने वालों के साथ था. हमने कमांडरों से अग्रिम मोर्चे की स्थिति, वोवचांस्क की रक्षा और युद्ध की गतिशीलता के बारे में बात की. हमने ड्रोन की आपूर्ति और तैनाती, भर्ती और ब्रिगेड के लिए प्रत्यक्ष वित्तपोषण के मुद्दों पर भी विशेष रूप से चर्चा की. इस क्षेत्र में हमारे योद्धा युद्ध में चीन, ताजिकिस्तान, उज़्बेकिस्तान, पाकिस्तान और अफ्रीकी देशों के भाड़े के सैनिकों की भागीदारी की रिपोर्ट कर रहे हैं.

# बलूचिस्तान विस्फोट में सेना के मेजर समेत तीन सैनिक की मौत

**इस्लामाबाद, 07 अगस्त. पाकिस्तान के उपद्रवग्रस्त बलूचिस्तान के मस्तुंग ज़िले में सेना की एक गाड़ी को बम से निशाना बना गया. हमले में तीन सैनिक मारे गए और सेना की जवाबी कार्यवाही में चार आतंकवादी ढेर हो गये.**

पाकिस्तानी सेना ने बुधवार देर रात यह जानकारी दी. उन्होंने बताया कि मारे गए जवानों में सेना का मेजर रैंक का अधिकारी भी शामिल है. पाकिस्तान की इंटर-सर्विस पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने एक बयान में कहा कि बुधवार देर रात सुरक्षा बलों के एक वाहन को निशाना बनाया गया. इस हमले में एक मेजर, एक नायक और एक लांसनायक मारे गए. प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने एक बयान में इस हमले की निंदा करते हुए सेना की सराहना की. गौरतलब है कि बलूचिस्तान, पाकिस्तान का सीमांत प्रांत है और इसकी सीमाएं अफगानिस्तान और ईरान की सीमा से लगी हुई हैं. यह इलाका अपनी खनिज संपदा और चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे के लिए एक पारगमन केंद्र के रूप में अपनी भूमिका के रण रणनीतिक रूप से महत्त्वपूर्ण है लेकिन पाकिस्तान में बलूचिस्तान के लोगों से दोयम दर्जे का व्यवहार होने के कारण वहां अलगाववादी आंदोलन लंबे समय से चल रहा है. ये लोग एक अलग देश बलूचिस्तान बनाने के लिए प्रयासरत हैं.

## यूनाइटेड एयरलाइंस की उड़ानें फिर से शुरू

**न्यूयॉर्क, 7 अगस्त.** अमेरिकी विमानन कंपनी यूनाइटेड एयरलाइंस ने बुधवार देर रात अपनी उड़ानें फिर से शुरू कर दीं. इससे कुछ घंटे पहले कंप्यूटर सिस्टम में तकनीकी खराबी आने के कारण कंपनी को पूरे देश में उड़ानें रोकनी पड़ी थीं. एयरलाइन ने एक बयान में कहा कि आंतरिक प्रौद्योगिकी समस्या का समाधान कर लिया गया है यद्यपि हमें कुछ विलम्ब की आशंका है, लेकिन फिर भी हमारी टीम सामान्य परिचालन बहाल करने की दिशा में काम कर रही है. एयरलाइन ने आगे कहा कि यह समस्या उस सिस्टम से जुड़ी हुई है जिसमें हर उड़ान की जानकारी होती है जिसे बाद में दूसरे सिस्टम में डाला जाता है.